भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1312

09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अमृत फार्मेसी

1312. श्री कनकमल कटारा:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में 'उपचार के लिए किफायती दवाएं और विश्वसनीय ईप्लांट' (अमृत) फार्मेसियों को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठाए हैं;
(ख) यदि हां, तो वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजस्थान में उक्त प्रयोजनार्थ चिह्नित स्थलों का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह सुनिश्चित करने के लिए कोई तंत्र मौजूद है कि जनजातीय क्षेत्रों में अमृत फार्मेसियों में सभी आधुनिक और आयुष हर्बल दवाएं उपलब्ध हों और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में अमृत फार्मेसियों में कुशल स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई उपचार के लिए किफायती दवाएं और विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत फार्मेसी) नामक एक नई पहल का उद्देश्य कैंसर, हृदयवाहिका और अन्य रोगों के उपचार के लिए किफायती दवाएं उपलब्ध कराना है। एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है, जो पैन इंडिया आधार पर इसे कार्यान्वित करने के लिए नोडल एजेंसी है।

राजस्थान राज्य में केवल एक अमृत फार्मेसी है और यह एम्स जोधपुर के परिसर में परिचालित है।

अमृत फार्मेसियां मुख्यत: तृतीयक परिचर्या वाले अस्पतालों में ब्रांडेड/ब्रांडेड जेनेरिक एलोपैथिक दवाईयां, शल्य चिकित्सा और प्रत्यारोपण प्रदान कर रही हैं। इन वस्तुओं की मुख्य रूप से तृतीयक परिचर्या वाले अस्पतालों में आवश्यकता होती है और अमृत फार्मेसियां तृतीयक परिचर्या वाले अस्पतालों की सभी चिकित्सा सामग्रियों की आवश्यकताओं के लिए एकल बिंदु समाधान के रूप में हैं। एम्स रायपुर, एम्स भोपाल आदि जैसे प्रमुख संस्थानों में, जहां अन्य एलोपैथिक ब्लॉकों के साथ परिसर के भीतर आयुष ब्लॉक भी परिचालित हैं, अमृत फार्मेसियां आयुर्वेदिक दवाएं भी वितरित कर रही हैं। अमृत फार्मेसी दिन-प्रतिदिन के कार्यों के लिए फार्मेसी पृष्ठभूमि (डी. फार्मा, बी फार्मा आदि) के कुशल पेशेवरों को नियुक्त कर रहा है।

*****